# केन्द्रीय विद्यालय बड़कुही
# KENDRIYA VIDYALAYA BARKUHI

**Tehsil – Parasia, Post Office – Chandameta, Dist. – Chhindwara,480447**
तहसील–परासिया, पोस्ट आफिस–चान्दामेटा, जिला–छिन्दवाड़ा, 480447
Tel: 07161-263300, 292521 E-mail:barkuhichandamettakv@gmail.com,
ppl.chandametta@kvs.gov.in, Web: http://chandametta.kvs.ac.in


फा0क01098084/2024-25/के0वि0ब0/ 226 — दिनांक: 07.05.2024

## नीलामी सूचना

केंद्रीय विद्यालय बड़कुही के विभिन्न विभागों के द्वारा चलन के बाहर हो चुके अनुपयोगी एवं बट्टे खाते में डाली गई विभिन्न सामग्रियों को "जहाँ है जैसा है" के आधार पर नीलाम किया जाना प्रस्तावित है जिसके तारतम्य में सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त नीलामी की प्रकिया निम्न नियमों के अध्यधीन दिनांक 10.05.2024 को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में इस हेतु गठित समिति एवं संबंधित विभागों के प्रभारियों की उपस्थिति में संपन्न की जायेगी:–

01. यह कि इच्छुक एवं पात्र बोलीदाता को नीलामी में सम्मिलित होने से पूर्व राशि रू 100/– आवेदन पत्र (प्रारूप विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है) के साथ जमा करवाना होगा।

02. यह कि बोलीदाता को अपने आवेदन पत्र के साथ कम से कम एक फोटो पहचान पत्र यथा आधार कार्ड/पैन कार्ड/बैंक पास बुक आदि की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति अनिवार्यतः लगाना होगा।

03. यह कि अधोहस्ताक्षरी अथवा उसकी ओर से इस कार्य हेतु नियुक्त प्रभारी को विद्यालय हित में किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये जाने की बाध्यता के बोली/नीलामी की प्रकिया को रद्द करने अथवा नियमों में संशोधन करने का अधिकार होगा।

04- उपरोक्त अनुपयोगी सामग्री का अवलोकन विद्यालय के कार्यदिवस दिनांक 09.05.2024 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे के मध्य किया जा सकता है|

05. यह कि जिस सामग्री के संबंध में जिस बोलीदाता (सर्वोच्च बोली दाता) की बोली स्वीकृत की जायेगी उसे तत्काल बोली गई राशि जमा करवाकर सामग्री को स्वयं के व्यय एवं श्रम पर ले जाना होगा एवं इस संबंध में विद्यालय की आगे कोई जवाबदारी नही होगी।

06. उक्त नीलामी प्रकिया में विद्यालय के शैक्षिक अथवा गैर शैक्षिक कार्मिक भाग लेने के लिये अनुमत एवं पात्र नही होंगे।

07. यह कि उक्त तिथि एवं समय पर इस विद्यालय के Furniture, Library, Chemistry, Biology & Audio Visual विभाग के प्रभारी नीलामी की प्रकिया में उपस्थित रहेंगें।

08. विद्यालय द्वारा सफल बोलीदाता को दिया गया सामान किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं लिया जायेगा।

07/5/2024

(सूर्य प्रताप सिंह)
प्राचार्य

प्राचार्य / Principal
केन्द्रीय विद्यालय / Kendriy Vidyalaya
बड़कुही / Barkuhi (म. प्र.) / (M.P.) 480447

**प्रतिलिपि/वितरण (सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु):–**

01. उप आयुक्त के0वि0सं0सं0का0जबलपुर।
02. समस्त प्राचार्य, के0वि0सं0जबलपुर संभाग।
03. विद्यालय सूचना पटल।
04. प्रभारी कंप्यूटर विभाग को इस निर्देश के साथ कि इसे विद्यालय की वेबसाइट पर बोली हेतु आवेदन पत्र के प्रारूप के साथ अपलोड करें।
05. इस विद्यालय के Furniture, Library, Chemistry, Biology & Audio Visual विभाग के प्रभारी।
06. कार्यालय प्रति।

प्रति,

प्राचार्य,
केंद्रीय विद्यालय,
बड़कुही।

विषयः— नीलामी प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अनुमति दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय एवं आपके विद्यालय की नीलामी सूचना दिनांक 07.05.2024 के संबंध में अधोहस्ताक्षरी निवेदन करता है कि मैं उक्त सूचना में वर्णित समस्त नियमों एवं शर्तों के आधार पर आपके द्वारा आहूत नीलामी प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये अपनी सहमति प्रदान करता हूँ अतः कृपया मुझे उक्त नीलामी में सम्मिलित होने हेतु राशि रू 100/— विद्यालय में जमा किये जाने एवं नीलामी की प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान किये जाने का कष्ट करें।

संलग्नः— आवश्यक फोटो पहचान पत्र की छाया प्रति।

दिनांकः—

आपका शुभाकांक्षी

बोली दाता के हस्ता0.......................................................

(बोली दाता का नाम————————————————)

बेली दाता का पता.......................................................

..............................................................

बोली दाता का दूरभाश..................................................